गुरूवार
नालन्दा, 08.05.2025
नालन्दा नं0-1 अखबार

अपना शहर अपना खबर

# अपना नालन्दा

पेज-01 वर्ष:1, अंक:100
www.apnanalanda.com

## नालंदा में मंत्री विजय कुमार चौधरी की अध्यक्षता में "आपका शहर, आपकी बात"

### समेत तीन महत्वाकांक्षी योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित

अपना नालंदा संवाददाता




बिहारशरीफ। जल संसाधन एवं संसदीय कार्य मंत्री तथा नालंदा जिला के प्रभारी मंत्री विजय कुमार चौधरी की अध्यक्षता में डॉ. अंबेडकर समग्र सेवा अभियान, आपका शहर, आपकी बात कार्यक्रम और महिला संवाद कार्यक्रम के क्रियान्वयन हेतु जिला स्तरीय कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी शशांक शुभंकर ने पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से सभी कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी। "आपका शहर, आपकी बात" कार्यक्रम का उद्देश्य नव-विस्तारित शहरी क्षेत्रों में नागरिक सुविधाओं का समुचित विकास सुनिश्चित करना है। नालंदा जिले के चार नगर निकाय – बिहारशरीफ नगर निगम, राजगीर, इस्लामपुर और हिलसा नगर परिषद – हाल ही में विस्तारित हुए हैं। इन क्षेत्रों में मुहल्ला सभाओं के माध्यम से नागरिकों की आवश्यकताओं को चिन्हित कर योजनाएं बनाई जा रही हैं। कुल 135 वार्डों में से 37 वार्डों में यह कार्यक्रम चलाया जा रहा है, जिसमें अब तक 41 मुहल्ला सभाएं आयोजित की जा चुकी हैं और 1,718 योजनाएं चयनित हुई हैं। डॉ. अंबेडकर समग्र सेवा अभियान के तहत नालंदा जिले के सभी पंचायतों के 1,543 अनुसूचित जाति व जनजाति टोलों में विशेष विकास शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। अब तक 36,123 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 21,360 का निष्पादन हो चुका है। महिला संवाद कार्यक्रम, जो जीविका के माध्यम से संचालित हो रहा है, में अब तक 2,214 कार्यक्रम निर्धारित किए गए हैं। प्रतिदिन औसतन 38 कार्यक्रम हो रहे हैं। अब तक 663 कार्यक्रम संपन्न हुए हैं, जिनमें 1,04,842 जीविका दीदियों सहित कुल 1,30,439 लोगों ने भाग लिया है। यह कार्यक्रम 14 जून 2025 तक चलेगा। इसके अतिरिक्त, अनुसूचित जाति व जनजाति अत्याचार अधिनियम, 1989 के तहत दो मृतकों के आश्रितों – स्व. मंटु पासवान की पत्नी ललिता देवी और स्व. विकास कुमार चौधरी की बहन कुमारी शोभा को मंत्री विजय कुमार चौधरी द्वारा अनुकंपा नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। बैठक में सांसद कौशलेंद्र कुमार, विधायकगण हरि नारायण सिंह, डॉ. जितेंद्र कुमार, कृष्ण मुरारी शरण, राकेश रौशन, कौशल किशोर, विधान पार्षद रीना यादव, नगर निगम बिहारशरीफ की मेयर श्रीमती अनीता देवी, उपमेयर आईशा शाहीन, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, नगर आयुक्त, उप विकास आयुक्त सहित कई प्रशासनिक अधिकारी एवं समिति सदस्य मौजूद थे। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी योजनाओं को गंभीरता और जिम्मेदारी से क्रियान्वित करें, शिविर की सूचना समय से जनप्रतिनिधियों को दें और जनता की समस्याओं का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं को धरातल पर उतारना ही हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए।

## राजगीर में आरजेडी की सामाजिक न्याय परिचर्चा, सुधाकर सिंह बोले – अब नालंदा

### बनेगा सत्ता परिवर्तन का केंद्र

अपना नालंदा संवाददाता




बिहारशरीफ। राजगीर के सरस्वती भवन में राष्ट्रीय जनता दल द्वारा राजगीर विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं के साथ सामाजिक न्याय परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजगीर प्रखंड अध्यक्ष बृजकिशोर मेहता ने की, जबकि संचालन सिलाव प्रखंड अध्यक्ष विजय यादव ने किया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए राज्यसभा सांसद सुधाकर सिंह ने कहा कि राजगीर सामाजिक न्याय की ऐतिहासिक धरती रही है। सम्राट जरासंध और सम्राट अशोक जैसे महापुरुषों के कार्यों से यह क्षेत्र देश-दुनिया में प्रसिद्ध रहा है। उन्होंने कहा कि आज भी राजगीर और नालंदा सत्ता का केंद्र बने हुए हैं, लेकिन नीतीश कुमार मुख्यमंत्री पद के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की गोद में जाकर बैठ गए हैं। सुधाकर सिंह ने मुख्यमंत्री पर आरोप लगाते हुए कहा कि उन्होंने 20 वर्षों में भी नालंदा को कृषि के क्षेत्र में विकास से वंचित रखा है। टाल क्षेत्र आज भी जलजमाव से ग्रस्त रहता है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि सत्ता में बने रहने के लिए नीतीश कुमार ने सामाजिक न्याय समर्थक समुदायों के नरसंहार के अभियुक्तों तक को टिकट दे दिया। सांसद ने कहा कि आज हर चौक-चौराहे पर जनता नीतीश कुमार के 20 वर्षों के शासन की तुलना नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के 17 महीने के कार्यकाल से कर रही है। तेजस्वी यादव ने अल्पकाल में जो काम किए, उसे आज तक कोई सरकार करने की हिम्मत नहीं जुटा पाई। आने वाले विधानसभा चुनाव में बिहार की जनता उन्हें मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प ले चुकी है। कार्यक्रम में पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुबोध मेहता ने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर पर तेजस्वी यादव की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने की अपील की। वहीं, राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रियंका भारती ने जातीय जनगणना को लालू प्रसाद यादव और तेजस्वी यादव के संघर्ष की ऐतिहासिक जीत बताया। इस अवसर पर विधायक अमर पासवान, पूर्व विधायक सतीश कुमार, रविकांत कुमार ने भी सरकार पर तीखे प्रहार किए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अब अचेत अवस्था में हैं और प्रशासन भाजपा और कुछ चुनिंदा अधिकारियों के इशारे पर चल रहा है। शासन में भ्रष्टाचार, शिष्टाचार में बदल चुका है।

## खैरा गांव में बारात के दौरान स्कॉर्पियो पर हमला, युवक की गड्ढे में मिली लाश, ग्रामीणों ने किया थाना घेराव



अपना नालंदा संवाददाता

बेन। बेन थाना अंतर्गत बेन गांव से बढ़ौना चंडी के लिए रविवार रात करीब 10 बजे बारात निकली थी। बारातियों से भरी एक स्कॉर्पियो जब खैरा गांव के पास पहुंची, तभी स्थानीय लोगों द्वारा वाहन पर हमला कर उसे एक गड्ढे में ढकेल दिया गया। हमले के दौरान स्कॉर्पियो में सवार लोग किसी तरह जान बचाकर मौके से भाग निकले। इस दौरान पवन रविदास, पिता अजय रविदास, लापता हो गया। परिजन और ग्रामीणों ने काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। घटना की जानकारी मिलने के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने बेन थाना का घेराव किया और आरोपियों की गिरफ्तारी व लापता युवक की तलाश की मांग की। घटना की गंभीरता को देखते हुए डीएसपी, थाना प्रभारी व अन्य पुलिस पदाधिकारी मौके पर पहुंचे और छानबीन शुरू की। गहन खोजबीन के दौरान खैरा गांव के ही एक गड्ढे से पवन रविदास का शव बरामद हुआ। शव मिलने के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की छानबीन शुरू कर दी गई है। ग्रामीणों की मांग है कि दोषियों की अविलंब गिरफ्तारी हो और पीड़ित परिवार को न्याय मिले।

## "समस्याओं के त्वरित समाधान को लेकर नालंदा के प्रभारी मंत्री ने समिति अध्यक्षों से की सीधी बातचीत"

संजय कुमार






बिहारशरीफ(अपना नालंदा)। बुधवार को जल संसाधन एवं संसदीय कार्य मंत्री तथा नालंदा जिले के प्रभारी मंत्री विजय कुमार चौधरी की अध्यक्षता में बिहारशरीफ स्थित स्मार्ट सिटी आईसीसीसी सभागार में प्रखंड कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के अध्यक्षों एवं उपाध्यक्षों के साथ संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह संवाद कार्यक्रम सभी समिति अध्यक्षों और उपाध्यक्षों से पहली औपचारिक मुलाकात का अवसर था। मंत्री ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जिले में डॉ. अम्बेडकर समग्र सेवा अभियान, "शहर आपका - आपकी बात" कार्यक्रम और महिला संवाद शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने निर्देश दिया कि इन शिविरों के माध्यम से स्थानीय स्तर पर समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जाए। मंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि शिविर आयोजित करने की जानकारी स्थानीय जनप्रतिनिधियों को समय पर दी जानी चाहिए ताकि वे अपनी समस्याओं का शीघ्र निष्पादन करवा सकें। संवाद कार्यक्रम के दौरान समिति के कई अध्यक्षों एवं उपाध्यक्षों ने मंत्री को अपनी-अपनी समस्याओं से अवगत कराया। इसके प्रत्युत्तर में मंत्री चौधरी ने कहा कि समस्याओं के शीघ्र समाधान हेतु उन्हें जिला स्तरीय अधिकारियों तक पहुंचाना आवश्यक है। कार्यक्रम में जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, नगर आयुक्त, उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, सभी प्रखंड कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष/उपाध्यक्ष और सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी उपस्थित थे।

# राजगीर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में कबड्डी प्रतियोगिता की जोरदार शुरुआत, हरियाणा, आंध्रप्रदेश और उत्तर प्रदेश ने मारी बाज़ी



अपना नालंदा संवाददाता

बिहारशरीफ। बुधवार को राजगीर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित अंडर-18 राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता की पहली पाली में खिलाड़ियों ने दमदार प्रदर्शन किया। पूल 'ए' की महिला कबड्डी प्रतियोगिता में हरियाणा की टीम ने शानदार खेल दिखाते हुए 43 अंक हासिल किए, जबकि राजस्थान की टीम 29 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रही। पुरुष वर्ग में कर्नाटक की टीम ने 30 अंक अर्जित किए, जबकि आंध्रप्रदेश की टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 50 अंक प्राप्त किए। पूल 'बी' में अंडर-18 पुरुष कबड्डी मुकाबले में महाराष्ट्र की टीम ने 46 अंक बनाए, जबकि बिहार की टीम को 30 अंकों से संतोष करना पड़ा। महिला वर्ग में उत्तर प्रदेश की टीम ने बिहार को 38-27 से हराया। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों का उत्साह और खेल भावना देखने लायक रही। आयोजन को लेकर स्थानीय खेल प्रेमियों में काफी उत्साह है।

# राजगीर में खेलो इंडिया यूथ गेम्स की हॉकी प्रतियोगिता में ओडिशा और झारखंड की टीमों का दबदबा



अपना नालंदा संवाददाता

बिहारशरीफ। बुधवार को राजगीर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित खेलो इंडिया यूथ गेम्स के अंतर्गत अंडर-18 हॉकी प्रतियोगिता की पहली पाली में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। महिला वर्ग में झारखंड की टीम ने महाराष्ट्र के खिलाफ 3-0 से जीत दर्ज की। एक अन्य मुकाबले में ओडिशा की महिला टीम ने बिहार को 5-0 से पराजित किया। पुरुष वर्ग में कर्नाटक ने बिहार को 6-0 से हराया, जबकि ओडिशा की पुरुष टीम ने पंजाब को 5-2 से मात दी।

# दीपनगर स्टेडियम में 18 मई को आयोजित होगा 'बहुजन भीम संवाद समागम रैला', चिराग पासवान करेंगे संबोधित




अपना नालंदा संवाददाता

बिहारशरीफ। लोजपा (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री तथा हाजीपुर से सांसद चिराग पासवान का आगमन 18 मई 2025 को नालंदा जिले में होने जा रहा है। वे दीपनगर स्टेडियम में आयोजित "बहुजन भीम संवाद समागम रैला" को संबोधित करेंगे। इस विशाल जनसभा की तैयारी को लेकर बुधवार को लोजपा (आर) नालंदा के पार्टी कार्यालय, बिहारशरीफ में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश प्रधान महासचिव सह कार्यक्रम प्रभारी संजय पासवान ने की। वहीं, जिलाध्यक्ष सह कार्यक्रम प्रभारी सत्येंद्र मुकुट, कार्यक्रम संयोजक सह पूर्व विधायक श्यामदेव पासवान, जिला प्रभारी प्रमोद पासवान, पार्टी के SC/ST प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष परशुराम पासवान समेत अन्य वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति रही। बैठक में रैली की रूपरेखा, तैयारी, भीड़ प्रबंधन, प्रचार-प्रसार और संगठनात्मक जिम्मेदारियों पर चर्चा की गई। रैली को लेकर पार्टी के सभी प्रकोष्ठ, महिला प्रकोष्ठ, युवा प्रकोष्ठ और जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारियों में उत्साह देखा गया। बैठक में जिला वरीय उपाध्यक्ष सरयुग पासवान, योगेन्द्र पासवान, रिघन पासवान, संजीत पासवान, देवेंद्र पासवान, दीनानाथ यादव, मंजू देवी, महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष रीना राज, राजेश पासवान, श्रवण पासवान, धर्मेंद्र पासवान, जिला महासचिव पिंटू मुखिया, सुनील पासवान, अजित कुमार सिंह, जिला प्रवक्ता सौरभ मिश्रा, समेत विभिन्न प्रखंड अध्यक्षों और संगठन के प्रमुख कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। पार्टी पदाधिकारियों ने कहा कि यह रैली सामाजिक न्याय और दलित समाज के उत्थान के उद्देश्य से आयोजित की जा रही है, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों के जुटने की संभावना है।




# भारतीय सेना की एयर स्ट्राइक पर बिहारशरीफ में जश्न, भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया खुशी का पर्व




अपना नालंदा संवाददाता

बिहारशरीफ। भारतीय सेना द्वारा बुधवार की सुबह पाकिस्तान स्थित आतंकी ठिकानों पर की गई एयर स्ट्राइक के बाद पूरे देश में खुशी की लहर दौड़ गई। यह कार्रवाई पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में की गई, जिसमें बड़ी संख्या में आतंकी ठिकानों को ध्वस्त कर दिया गया और कई आतंकियों को मार गिराया गया। इस ऐतिहासिक सैन्य कार्रवाई की सूचना मिलते ही बिहारशरीफ के अस्पताल चौराहा पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त जिलाध्यक्ष राजेश कुमार के नेतृत्व में जश्न मनाया। इस दौरान 'भारतीय सेना ज़िंदाबाद' के नारे लगाए गए, मिठाइयाँ बाँटी गईं और अबीर-गुलाल लगाकर खुशी का इज़हार किया गया। आतिशबाजी कर कार्यकर्ताओं ने देश की सेना और नेतृत्व को सलामी दी। भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश कुमार ने कहा कि यह कार्रवाई देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प का परिणाम है। उन्होंने पहले ही स्पष्ट कर दिया था कि आतंकियों और उनके आकाओं को बख्शा नहीं जाएगा। सेना को खुली छूट देते हुए उन्होंने टारगेट तय कर ठोस कार्रवाई के निर्देश दिए थे, जिसका नतीजा आज सबके सामने है। यह भारत के पराक्रम और आत्मबल का प्रतीक है। इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री अविनाश प्रसाद सिंह, शैलेन्द्र कुमार, रीना कुमारी, जिला उपाध्यक्ष राजेश्वर सिंह, अरविंद पटेल, जिला मंत्री डॉ. अशुतोष कुमार, तेजस्विता राधा, रवि राज, मिडिया सह प्रभारी सह निवर्तमान नगर अध्यक्ष अमरेश कुमार, नीरज कुमार डब्ल्यू, नगर अध्यक्ष धनंजय कुमार, अविनाश कुमार, विकास कुमार, अमरकांत भारती, अमित शान सिंह, सोनू कुमार हिंदू, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रज्ञा भारती, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष संतोष भारती, मणिकांत पासवान, ई. प्रेमसागर पासवान, सूरज चंद्रवंशी, गोपाल कुमार, मदन प्रसाद सिंह, विश्वनाथ कुमार, आलोक कुमार, निराला कुमार सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# एसयू कॉलेज के लेखापाल पद पर नियुक्ति पर डॉ. राजीव नयन का छात्र जदयू हिलसा ने किया सम्मान

अपना नालंदा संवाददाता

हिलसा। एसयू कॉलेज, हिलसा में डॉ. राजीव नयन सिंह को लेखापाल सह बड़ा बाबू बनाए जाने पर छात्र जनता दल यूनाइटेड (छात्र जदयू) हिलसा की ओर से उनका भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर छात्र जदयू के कार्यकर्ताओं ने उन्हें अंगवस्त्र और फूलों की माला पहनाकर सम्मानित किया तथा उनके नए दायित्व की शुभकामनाएं दीं। सम्मान



समारोह के दौरान छात्र जदयू के सक्रिय सदस्य आशीष कुमार, रिशु पटेल, रौशन मिश्रा, अंकेश कुमार, सूरज कुमार, बंटी कुमार सहित कई छात्र मौजूद थे। सभी ने उम्मीद जताई कि डॉ. राजीव नयन सिंह अपने कार्यकाल में पारदर्शिता और दक्षता के साथ कॉलेज प्रशासन को और सशक्त बनाएंगे।

# कतरीसराय में वाहन चेकिंग अभियान के दौरान छह हजार का चालान, शराब के नशे में पांच गिरफ्तार

अपना नालंदा संवाददाता

कतरीसराय। बुधवार को विधि-व्यवस्था बनाए रखने और यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से कतरीसराय थाना पुलिस द्वारा वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान कई वाहनों की जांच की गई और नियम उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई की गई। पुलिस ने बिना कागजात और नियमों का उल्लंघन कर चलाए जा रहे वाहनों पर चालान काटते हुए कुल 6,000 रुपये जुर्माना वसूला।



चेकिंग अभियान के कारण अवैध रूप से वाहन चला रहे लोगों में हड़कंप मच गया। कई वाहन चालक रास्ता बदलकर मौके से भागने में सफल रहे। इसी अभियान के दौरान पुलिस ने अहियाचक मोहल्ले से सुरेश ठाकुर और राजीव कुमार को शराब के नशे में गिरफ्तार किया। इसके अलावा, शाहाबाद गांव से संदीप कुमार, कटौना दलित टोला से मिथलेश मांझी और कतरीसराय से दिनेश कुमार को नशे की हालत में पकड़ा गया। सभी को अल्कोहलिक जांच के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस प्रशासन ने बताया कि ऐसे अभियान आगे भी जारी रहेंगे ताकि कानून व्यवस्था और आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

# "शिक्षा के पुरोधा रामजी प्रसाद की जयंती पर शंखनाद मंडली ने किया भावपूर्ण आयोजन"

अपना नालंदा संवाददाता

बिहारशरीफ।मंगलवार की देर शाम सोहसराय के शंखनाद साहित्यिक मंडली के तत्वावधान में किसान कॉलेज, सोहसराय के संस्थापक सचिव स्व. रामजी प्रसाद की 108वीं जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता शंखनाद के अध्यक्ष साहित्यकार प्रो. डॉ. लक्ष्मीकांत सिंह ने की, जबकि संचालन शंखनाद के मीडिया प्रभारी व शायर नवनीत कृष्ण ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. लक्ष्मीकांत सिंह, शंखनाद के महासचिव राकेश बिहारी शर्मा और प्रो. डॉ. सच्चिदानंद प्रसाद वर्मा द्वारा स्व. रामजी प्रसाद के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम में विषय प्रवेश कराते हुए महासचिव राकेश बिहारी शर्मा ने कहा कि किसान कॉलेज के संस्थापक रामजी प्रसाद जी का योगदान अविस्मरणीय है। उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में जो अलख जगाई, वह आज भी प्रेरणास्पद है। उन्होंने उन्हें समाजसेवी, दानवीर, दलित-पिछड़ा वर्ग के मसीहा, स्वतंत्रता सेनानी, और प्रगतिशील विचारों वाले किसान के रूप में याद




किया। उन्होंने बताया कि रामजी बाबू का जन्म 6 मई 1917 को सलेमपुर गांव में हुआ था और उन्होंने जीवन भर गांधीजी के विचारों को आत्मसात कर जनसेवा को ही अपना धर्म माना। शंखनाद के अध्यक्ष प्रो. डॉ. लक्ष्मीकांत सिंह ने कहा कि रामजी बाबू त्रिवेणी संघ की उस परंपरा के वाहक थे, जिसने सामाजिक उत्थान और पिछड़े वर्गों के लिए शिक्षा व बुनियादी सुविधाओं के निर्माण का कार्य निस्वार्थ भाव से किया। उन्होंने किसान कॉलेज को केवल शिक्षण संस्था नहीं बल्कि एक जनआंदोलन बताया, जो आज भी क्षेत्र में शिक्षा का दीप जला रहा है। जनवादी नेता मकसूदन शर्मा ने कहा कि किसान कॉलेज की वर्तमान सफलता का श्रेय रामजी प्रसाद के अथक प्रयासों को जाता है। उन्होंने ही इस कॉलेज की नींव रखी, जो आज शिक्षा का एक महत्वपूर्ण केंद्र बन चुका है। प्रो. डॉ. सच्चिदानंद प्रसाद वर्मा ने कहा कि बाबू रामजी प्रसाद एक युगपुरुष थे। उनके प्रयास से जो छात्र इस कॉलेज से पढ़कर निकले, उन्होंने न केवल देश बल्कि विदेश में भी नाम रोशन किया है। शंखनाद के कोषाध्यक्ष सरदार भाई वीर सिंह ने कहा कि रामजी बाबू ने किसानों से भूमि दान लेकर कॉलेज की स्थापना करवाई ताकि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे भी शिक्षा से जुड़ सकें। समारोह में योगगुरु रामजी प्रसाद यादव, शायर तंग अय्युवी, कवयित्री सविता बिहारी, हरिलाल दास, अनिता देवी, अंजित कुमार, अमर सिंह, जितेन्द्र कुमार मेहता, मनुशेखर कुमार, रणजीत कुमार सिंहा, सुरेश प्रसाद, प्रमोद कुमार सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोगों ने भाग लिया और अपने विचार व्यक्त किए।








# लायंस क्लब ऑफ नालंदा ने मनाया 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता का जश्न, भारतीय सेना की वीरता को किया सलाम



अपना नालंदा संवाददाता

बिहारशरीफ। भारतीय सेना द्वारा आतंक के खिलाफ चलाए गए सफल सैन्य अभियान 'ऑपरेशन सिंदूर' की विजय का जश्न मंगलवार को समाजसेवी संगठन लायंस क्लब ऑफ नालंदा द्वारा धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर क्लब के सदस्यों ने शहर में तिरंगा लहराते हुए मिठाइयां बांटीं और जोरदार आतिशबाजी कर सेना के शौर्य का अभिनंदन किया। क्लब के अध्यक्ष लायन रवि शंकर कुमार गुप्ता ने कहा कि पहलगांव में हमारे वीर जवानों की शहादत का बदला लेकर भारतीय सेना ने साबित कर दिया है कि अब नया भारत आतंक के खिलाफ कठोर कदम उठाने से पीछे नहीं हटेगा। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व को इस सशक्त कार्रवाई का आधार बताया। सचिव प्रमोद कुमार ने बताया कि इस सैन्य अभियान को 'ऑपरेशन सिंदूर' नाम देने के पीछे यह भाव था कि जिन महिलाओं का सिंदूर पहलगांव हमले में मिट गया था, उनके सम्मान और पीड़ा के प्रतिकार का यह एक सशक्त संदेश था। कोषाध्यक्ष मनीष कुमार गुप्ता ने कहा कि यह कार्रवाई भारतीय सेना के साहस, संकल्प और पराक्रम की प्रतीक है। भारतीय सेना ने पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों को ध्वस्त कर यह संदेश दिया है कि भारत अब किसी भी साजिश का करारा जवाब देगा। उपाध्यक्ष प्रो. संजय कुमार ने भावुक होकर कहा कि यह केवल सैन्य प्रतिक्रिया नहीं, बल्कि देश की आन-बान-शान की रक्षा का मामला था, जिसमें सेना ने अपने कर्तव्य का पूर्ण निर्वाह किया। कार्यक्रम में रवि किशोर बरनवाल, विवेक कुमार, राहुल कांत, दिवाकर सिंह, प्रदीप जी, राकेश कुमार, मुकेश कुमार मेहता, सीए विद्यासागर, राजकमल प्रसाद, मोहम्मद कजाफी भाई, राज रोशन, रवि कुमार, डॉ. राजीव रंजन, प्रहलाद कुमार, अजय कुमार निराला, राजीव सिंह, बॉबी कुमार, सनी दयाल सहित क्लब के सभी सदस्य उपस्थित थे। सभी ने सेना की वीरता को नमन किया और राष्ट्र के प्रति अपने समर्पण का संकल्प दोहराया।








Your School, Our Expertise
Free Demo English Workshop
Upon Invitation from Schools
Boost English Skills
in Just One Session
• Fun & Interactive Learning
• Boost Confidence & Skills
• Exclusively for Schools
Call us for Booking the Free Demo Workshop:
+91-7903624538
4CE
FORESEE EDUVISION
Assessment, Review & Instruction System


BRILLIANT GROUP
BIHARSHARIF
For a Better Tomorrow
BRILLIANT CONVENT
Fully English Medium School
Separate Hostel Facility for Boys & Girls
IIT JEE एवं NEET
का
फाउंडेशन कोर्स
For Class VI to X
Our Extra Facilities :
* Extra Caring Tuition (Class I to V)
* Cold/Hot RO water facility including Wi-Fi Facility
* R. K. Mission Sainik School BHU Simultala Navodaya Other Schools की तैयारी करायी जाती है।
धनन्जय टीचिंग सेन्टर
SSC BANK RAILWAY
& OTHER COMP. EXAMS.
BRILLIANT LIBRARY
में 3 महीने का Fee जमा करने पर 1 माह का Fee Free होगा।
Kachahari Road, Biharsharif, Nalanda,
Call : 9835114965, 7903272535


PHYSICS WALLAH
VIDYAPEETH
PATHSHALA
बिहार शरीफ
SESSION 2025-2026 Offline Classes
ADMISSIONS OPEN
JEE | NEET | Foundation Class 8th to 12th & Dropper
कम Fee में पढ़े India का No.1 Institute
में Star Faculty के साथ
Our Facilities:
AC Classroom
CCTV Campus
Offline Classes
Digital Board
Doubt Support
Study Material & DPP
Daily Recorded Lectures
Experiments for Pratical Knowledge
Hostal Facility Available
*T&C Apply
धनेश्वरघाट मंदिर के पीछे, बिहार शरीफ
95766 85051


अपना शहर अपना खबर
अपना नालन्दा
नालंदा का नंबर 1 अखबार
अपने क्षेत्र की खबर भेजने और विज्ञापन
देने के लिए संपर्क करें।
9031468165
9608311251
अपना नालंदा में विज्ञापन देकर
अपने व्यवसाय को दे नई पहचान
"अपना नालंदा"
नालंदा की जनता की आवाज

अपना शहर अपना खबर

गुरूवार
नालन्दा, 08.05.2025

नालन्दा नं0-1 अखबार

# अपना नालन्दा

पेज-06 वर्ष:1, अंक:100

www.apnanalanda.com





**Our Facilities:**

- Homely & Hygienic Food
- 24/7 High-Speed WiFi
- 100% Secure with CCTV & Warden
- Spacious & Furnished Rooms
- Quiet Study Environment
- Locker Facility
- Laundry Facility
- 24x7 Power Backup

PRUDENCE Girls Hostel & PG

**Prudence Girls Hostel & PG**

अब आपके शहर
**बिहार शरीफ में**

बेटियों के लिए
**सुरक्षित,**
**सुविधाजनक** और
**आरामदायक** रहने
की जगह

**अब मात्र**
**5999/- प्रति माह**

T&C Apply*

**Badi Pahari,**
**Bihar Sharif (Nalanda)**

Secure Your Stay **Today**

**9931312890**